finalisation of the scheme the total cost and shares of State Government and Railway can be worked out. The time of completion of work will be about two to three years after sanction of work, which can be only on completion of all pre-quisite formalities by State Government.

दिल्ली और बिहार के बीच अपर्याप्त संख्या में रेल गाड़ियों का चलाया जाना

7833. **श्री कामेश्वर पासवान:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बिहार और दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या की तुलना में इन दोनों स्थानों से चलने वाली रेलगाड़ियों की संख्या बहुत ही कम है;

(ख) क्या यह भी सच है कि नई दिल्ली से उत्तर बिहार के सीवान, मुजफ्फरपुर, बरौनी रेल मार्ग पर कोई भी सुपर फास्ट रेल गाड़ी नहीं चलती है जबकि रेल-मार्ग से आने वाले यात्रियों की संख्या काफी अधिक है;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए इस रेलमार्ग पर कोई नई सुपरफास्ट रेल गाड़ी चलाने का विचार रखती है; और

(घ) सरकार किस प्रक्रिया के अंतर्गत नई रेलगाड़ी चलाने का निर्णय लेती है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) दिल्ली/नई दिल्ली और बिहार के बीच यातायात के वर्तमान स्तर के लिए मौजूदा सेवाएं कुल मिला कर पर्याप्त हैं;

(ख) जी हां, बहरहाल, नई दिल्ली-बरौनी वैशाली एक्सप्रैस को 1.7.1994 से सुपरफास्ट गाड़ी में परिवर्तित किया जा रहा है।

(ग) जी नहीं, बहरहाल, 1994-95 के दौरान दिल्ली और मुजफ्फरपुर के बीच सप्ताह में दो बार चलने वाली तथा दिल्ली और समस्तीपुर के बीच एक अन्य सप्ताह में दो बार चलने वाली गाड़ी को चलाने का प्रस्ताव है।

(घ) यातायात के औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता तथा संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए नई गाड़ियां शुरू की जाती हैं।

गुजरात में रेल परियोजनाओं का ब्यौरा

7834. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत तीन वर्षों के दौरान गुजरात में पूरी हो चुकी तथा निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उपरोक्त अवधि के दौरान पूरी हो चुकी और निर्माणाधीन परियोजनाओं पर व्यय की गई राशि का परियोजनावार एवं वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ग) पूरी हो चुकी परियोजनाओं की प्रारम्भिक लागत और अंतिम लागत का परियोजनावार ब्यौरा क्या है;

(घ) निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रारंभिक अनुमानित लागत और जून, 1994 तक अद्यतन अनुमानित लागत कितनी-कितनी है; और

(ङ) निर्माणाधीन परियोजनाओं अथवा वर्ष 1994-95 के दौरान शुरू की जाने वाली परियोजनाओं के लिये परियोजनावार कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गई है?

रेल मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) से (ङ) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

मीटर लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित करने के संबंध में हुई प्रगति

7835. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन गन्तव्य स्थानों के राज्यवार नाम क्या-क्या हैं जिनके बीच वर्ष 1993-94 के दौरान मीटर रेल लाइनों को बड़ी लाइनों में परिवर्तित करने का प्रस्ताव था;

(ख) उन गन्तव्य स्थानों के नाम क्या हैं जहां आमान-परिवर्तन का कार्य मार्च, 1994 तक पूरा हो जाने की संभावना थी अथवा यह कार्य उससे पहले ही समाप्त हो चुका था;

(ग) उन गन्तव्य स्थानों के नाम क्या-क्या हैं जहां आमान परिवर्तन का कार्य 1994-95 तक पूरा हो जायेगा; और

(घ) इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि आवंटित की गई है?